कार्यालय नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश भोपाल

होशंगाबाद रोड, गायत्री मंदिर के सामने, भोपाल

क्रमांक 4635 /नातौ/अनु./2017 भोपाल, दिनांक 01/07/2017

प्रति,

समस्त उप/सहायक नियंत्रक
नाप-तौल (वि.मा.वि.)
मध्य प्रदेश

विषय :- सुधार कार्य संबंधी दक्षता प्रमाणीकरण बाबत।

---00---

1- उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि नवीन सुधारक अनुज्ञप्ति जारी किये जाने के प्रकरणों के परीक्षण में पाया गया हैं कि संबंधित को सुधारक अनुज्ञप्ति के लिये आवेदन करते समय अनुभव प्रमाण-पत्र देते हैं किन्तु उन्हे को नाप-तौल उपकरणों के सुधार कार्य का वास्तविक ज्ञान होता ही नहीं है।

2- इस परिपेक्ष्य में सुधारक अनुज्ञप्ति आवेदन की अनिवार्य आवश्यकता सुधारक का दक्षता प्रमाणीकरण होगा।

3- अतः आप तत्काल एक समिति का गठन करें जिसमें आपके अतिरिक्त कम से कम दो निरीक्षकों को भी शामिल करे और प्रत्येक माह एक नियत दिनांक को अपने कार्यालय में दक्षता प्रमाणीकरण बाबत् प्राप्त आवेदकों को माह में नियत की गई दिनांक को, दक्षता परीक्षण हेतु बुलाये, आवेदक को सुधार कार्य के व्यावहारिक, तकनीकी एवं कानूनी ज्ञान की दक्षता का परीक्षण करे, परीक्षण में पाई स्थिति व परिणाम से आवेदक को अवगत कराऐं साथ ही इस कार्यालय को अनिवार्यतः सम्पूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करें, ताकि दक्ष आवेदको को ही सुधारक अनुज्ञप्ति प्राप्त हो सकें।

नियंत्रक

नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)